C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:28 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 123 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 4 नवंबर 2024



भाईदूज पर शिल्पा के बच्चों ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ट्रक के ब्रेक फेल, महिला बच्चे समेत एक व्यक्ति बाहर कूदा, कंडक्टर की मौत



उत्तरकाशी। उत्तरकाशी से ऋषिकेश जा रहे एक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए। इस दौरान महिला-बच्चे समेत एक व्यक्ति बाहर कूद गया। जबकि इस हादसे में कंडक्टर की मौत हो गई।

ब्रेक फेल होने के कारण उत्तरकाशी से ऋषिकेश जा रहा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक उत्तरकाशी से ऋषिकेश जा रहा था जो चौकी प्लास्डा बायपास रोड थाना नरेंद्रनगर के पास गहरी खाई में गिर गया है। सोमवार सुबह हादसे के दौरान ट्रक में सवार महिला व बच्चे को समेत एक व्यक्ति बाहर कूद गया। तीनों को हल्की चोटें आई हैं, लेकिन कंडक्टर की जान नहीं बच पाई। ट्रक के कंडक्टर को एसडीआरएफ टीम ढालवाला द्वारा रेस्क्यू कर सरकारी अस्पताल नरेंद्रनगर लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया।

### फिर धरने पर बैठे धार्मिक संगठन से जुड़े लोग

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में बीते दिनों धार्मिक स्थल को लेकर विवाद हो गया था। आज चार नवंबर को महापंचायत बुलाई गई थी, लेकिन इसे स्थगित कराए जाने के बावजूद कुछ लोग धरने पर बैठ गए।

उत्तरकाशी शहर में धार्मिक स्थल विवाद को लेकर सोमवार आज होने वाली महापंचायत भले स्थगित हो गई है, लेकिन एक समुदाय के धार्मिक संगठन से जुड़े लोग हनुमान चौक पर एक दिवसीय सांकेतिक धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे लोगों ने अपनी मांग रखी है। कहा कि शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार तीनों युवकों को जल्द रिहा किया जाए। इसके साथ ही जनाक्रोश रैली में शामिल लोगों पर लाठीचार्ज का आदेश देने व लाठीचार्च करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची

# मार्चुला बस हादसे में 36 यात्रियों की मौत, कई घायल

अल्मोड़ा/हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। मार्चुला के पास एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। चार घायलों को एयरलिफ्ट भी किया गया है। तीन घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। एसडीआरएफ की टीम मौके पर है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के मार्चुला इलाके के पास सोमवार को यात्रियों से भरी बस नदी में गिर गई। बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची हैं। हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। पीएमओ ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार देने की घोषणा की।




**55** से ज्यादा यात्री सवार थे 40 सीटर बस में

**02** -दो लाख की घोषणा मृतकों के परिजनों को

### बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या

बस 40 सीटर थी। बस में 55 से ज्यादा यात्री थे। आपदा प्रबंधन अधिकारी अल्मोड़ा विनीत पाल ने बताया कि 36 यात्रियों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। डीएम देहरादून को भी रेस्क्यू ऑपरेशन की देखरेख के लिए विशेष रूप से वहां भेजा जा रहा है।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने बस हादसे पर शोक-संवेदना प्रकट की



पीएम नरेंद्र मोदी ने अल्मोड़ा सड़क हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। बस नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी। जैसे ही बस मार्चुला के पास पहुंची तो सारड बैंड के पास नदी में गिर गई। बस के नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग बस से छिटककर नीचे गिर गए। घायल लोगों ने ही जानकारी दूसरों तक पहुंचाई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य चलाया। घायलों को अस्पताल ले जाने का काम किया। बस सवार 36 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं।



*सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा में बस हादसे पर सचिव आपदा प्रबंधन, आयुक्त कुमाऊँ मंडल और डीएम अल्मोड़ा से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और बचाव और राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए। एसडीआरएफ के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुँच गई हैं। रेस्क्यू और बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।*

- **नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी बस**
- **एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने का निर्देश**







# शीतकाल के लिए बंद हुए यमुनोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी

हमारे संवाददाता

शीतकाल में यमुना जी की उत्सव मूर्ति खरसाली गांव स्थित यमुना मंदिर में विराजमान रहेगी। जहां श्रद्धालु उनके दर्शन व पूजन कर सकेंगे।

चारधाम के पहले प्रमुख तीर्थ यमुनोत्री धाम के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद पूर्व निर्धारित समयानुसार 12 बजकर पांच मिनट पर पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। अब छह महीने शीतकाल में मां यमुना के दर्शन व पूजा अर्चना शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली गांव में किए जाएंगे।

इससे पहले सुबह आठ बजे मां यमुना के भाई शनिदेव समेश्वर महाराज अपनी बहन को लेने यमुनोत्री धाम पहुंचे थे। उसके बाद यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं और स्थानीय देव डोलियों की मौजूदगी में मां

**आस्था**

- **खरसाली रवाना हुई मां यमुना की डोली**

यमुना के मंदिर कपाट बंद हुए। ग्रामीणों ने मां यमुना की डोली का फूल मालाओं, धूप, दीप नैवेद्य के साथ भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, पुरोहित समाज के सुरेश उनियाल, मनमोहन उनियाल, प्यारे लाल उनियाल, भागेश्वर उनियाल,सुभाष उनियाल,गौरव उनियाल,आशिष उनियाल,कमल सिंह बिष्ट,महावीर पंवार, आनंद सिंह राणा, जसपाल परमार,सीओ सुरेंद्र सिंह भंडारी,एस ओ दीपक कठैत, विक्रम सिंह, एसडीएम बृजेश तिवारी के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विधानसभा में पीडीपी के अनुच्छेद 370 हटाने के प्रस्ताव पर हंगामा

जम्मू-कश्मीर

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पांच दिवसीय सत्र पीडीपी विधायक वाहिद पारा के अनुच्छेद 370 को बहाल करने के प्रस्ताव पर हंगामे के बीच शुरू हुआ, जबकि अब्दुल रहीम राथर को अध्यक्ष चुना गया। आज सुबह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरुआत हुई। इस दौरान सदन में जमकर हंगामा भी होता रहा।

विधानसभा में पीडीपी विधायक वहीद पारा ने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने के प्रावधान वाले अनुच्छेद 370 को हटाए जाने पर विरोध जताया। साथ ही प्रस्ताव भी पेश किया। इसके अलावा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने की भी मांग की। इस पर विधानसभा में विपक्ष ने हंगामा कर दिया। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के वरिष्ठ नेता और चरार-ए-शरीफ से सात बार के विधायक अब्दुल रहीम राथर



विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा का सोमवार को पहला अध्यक्ष चुनाव हुआ। विपक्ष द्वारा इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय किए जाने के बाद राथर (80) को ध्वनि मत से अध्यक्ष चुन लिया गया। %प्रोटेम स्पीकर% मुबारक गुल ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर अब्दुल रहीम राथर को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे सदन की ओर से मैं आपको बधाई देता हूं। आप अध्यक्ष पद के लिए स्वाभाविक पसंद थे। आपके अध्यक्ष चुने जाने पर किसी ने आपत्ति नहीं की। अब आप इस सदन के संरक्षक बन गए हैं।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद अब्दुल रहीम राथर ने कहा कि मैं यहां लोकतंत्र का वातावरण देखकर बहुत खुश हूं। अध्यक्ष चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। यह एक अच्छी शुरुआत थी।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण को शांत और संतुलित माहौल में प्रस्तुत किया। राथर ने पीडीपी सदस्य के हंगामे का जिक्र करते हुए कहा मुझे नहीं पता कि पीडीपी सदस्य क्या करना चाहते थे। न तो मुझे और न ही यहां के सचिव को इस बारे में पहले से कोई नोटिस मिला था। राथर के इस बयान से स्पष्ट होता है कि वह विधानसभा के पहले सत्र के दौरान उत्पन्न स्थिति को लेकर चिंतित हैं, लेकिन उन्होंने सकारात्मकता के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सराहना की। इस प्रकार, यह सत्र कश्मीर के राजनीतिक माहौल में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाने का संकेत देता है।

# धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल तथा आस पास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में दीप पर्व दीपावली के तहत रविवार को भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ लोगों ने देवालयों में च्यूड़ चढ़ाने के उपरांत घरों में सभी सदस्यों को च्यूड़े पूजने का सिलसिला दिन भर रहा। नैनीताल के समीपवर्ती गांव गेठिया के भूमिया ज्यू मंदिर में भी रविवार को श्रद्धालु प्रातः काल से ही आकर कुल ईष्ट को च्यूड चढ़ाने पहुंचे।

इसके बाद घरों में बड़े बुजुर्ग सहित सभी लोग एक दूसरे को च्यूड़े पूजे। बता दें कि चूड़े पूजने का संबंध सिर्फ भाई बहन का ही नहीं अपितु परिवार के सभी जनों से है। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में सर्वप्रथम दुतिया की धौणी जलायी गयी और इसमें आहुतियां सहित च्यूड़े चढ़ाये गए, उसके बाद घर के मंदिर और समीप के कुल इष्ट मंदिरों में च्यूड़े चढ़ाने के उपरांत घर में परिवार के सभी जनों द्वारा एक दूसरे को च्यूड़े पूजे। बता दें कि इन आशीर्वाद वचनों के साथ च्यूड़े पूजने की परंपरा है-जी रये जाग रये,यो दिन मास भेटनै रये श्यावक जैसि बुद्धि हो सिंहक जस तराण हो। धरती जतुक चकाव अकाश जतुक उकाव हये। हिमाल में ह्यू छनतक गंग में पाणि छन तक जी रये (अर्थात आप जुग जुग जियो,प्रत्येक वर्ष इन पर्वों को मनाते रहें,आपकी दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की हो तथा आप दीर्घायु हो)।





## फर्जी वेबसाइड बनाकर पर्यटकों से हो रही ठगी

नैनीताल । नगर के मल्लीताल क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठित होटल की फर्जी वेबसाइड बनाकर पर्यटकों को ठगने का मामला सामने आया है। होटल स्वामी की ओर से कोतवाली में शिकायती पत्र देकर पुलिस से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

होटल चन्नी राजा के स्वामी रमनजीत सिंह ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कहा है कि बीते कुछ समय से उनके होटल की अज्ञात लोगों ने फर्जी वेबसाइड बना ली है जिसमें एडवांस बुकिंग कर अब तक पर्यटकों से लाखों रुपये ठग लिए हैं जिसकों लेकर रोजाना पर्यटकों के फ ोन उनके होटल में आ रहे हैं। रमनजीत सिंह के मुताबिक वह पूर्व में भी वह साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवा चुके हैं जिसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मामला साइबर सेल को हस्तांतरित कर दिया गया है।



## शुभारम्भः गोल्ज्यू सन्देश यात्रा के होंगे 20 पड़ाव

चम्पावत

हमारे संवाददाता

अपनी धरोहर संस्था द्वारा आयोजित श्री गोल्ज्यू सन्देश यात्रा का गोल्ज्यू मंदिर से भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य पुरोहित बसंत पांडेय और महंत जागेंद्र नाथ ने मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा का शुभारम्भ करवाया।

संस्था अध्यक्ष विजय भट्ट, यात्रा संयोजक सतीश पांडेय द्वारा पूजा अर्चना की गयी। यात्रा से पूर्व स्थानीय महिलाओ ने कुमाउनी परिधान के साथ जी आई सी चौक से कलश यात्रा निकाली और पूरा वातावरण न्याय के देवता गोल्ज्यूमय हों उठा। कलश यात्रा गोल्ज्यू मंदिर तक निकाली गयी। कल 5 नवम्बर को यात्रा टनकपुर पहुंचेगी। 21 दिवसीय यात्रा के 20 पड़ाव है और 24 नवम्बर को यात्रा चम्पावत पहुँच कर यात्रा का समापन होगा।

यात्रा का 22 नवंबर को हल्द्वानी आगमन होगा। यात्रा के शुभारम्भ के अवसर पर श्याम कार्की, प्रीतिपाल कार्की, सुधीर साह, शंकर पांडेय, लवी चिलवाल, एन बी गुणवंत, प्रकाश तिवारी, चंद्रशेखर, प्रदीप भट्ट, गौरव कार्की, भुवन पांडेय, आनंद सिंह भाकुनी, विजय वर्मा, रेखा देवी मौजूद रहे।

## 122वें दिन भी जारी रहा पौधारोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 122वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि रविवार की प्रातः दीपावली के पर्व भैया दूज के अवसर पर पिताजी 90 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य तारा दत्त गुरुरानी व 81 वर्षीय माताजी लीलावती गुरुरानी के आशीर्वाद के साथ पौधारोपण आंदोलन की सफलता का आशीर्वाद पौधा लगाकर लिया। आंदोलन के 122वें दिन कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारियों ने पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ स्थित मानसरोवर यात्री वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया व लगाए गए पौधों की सुरक्षा हेतु तार-बाड की। गुरुरानी ने कहा कि निगम के कर्मचारी सभी केंद्रों में कार्य कर रहे हैं वहीं पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारी अपने कार्यों के साथ-साथ पौधारोपण आंदोलन की ज्योति जलाये हुए हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में गोपाल बिष्ट, महेश कुमार, विजय बोरा, नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### छात्रा माही सूर्या का राज्य वॉलीबॉल टीम में चयन



नैनीताल। अटल उत्कृष्ट लीलावती पंत जीआईसी भीमताल की छात्रा माही सूर्या का चयन राज्य वॉलीबॉल टीम में हुआ है। बता दें कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप बरेली (उत्तर प्रदेश) में 6 से 8 नवंबर 2024 को अयोजित होगी। माही एलपीजीआईसी भीमताल से नेशनल खेलने वाली दूसरी स्टूडेंट हैं पहली छात्रा प्रियंका जोशी ने भी बॉक्सिंग में नेशनल चैंपियनशिप खेली थी, इसके अलावा 5 स्टूडेंट्स नेशनल स्विमिंग के लिए भी विद्यालय से चयन हुए हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर भीमताल के सभी लोगों ने खुशी जाहिर की है साथ ही मुख्यमंत्री समेत जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला खेल समन्वय,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैना चौहान ग्रोवर, प्रिंसिपल आरपी वर्मा, ब्लॉक खेल समन्वय अजय कुमार तथा विद्यालय के सभी गुरुजनों व स्टाफ ने माही सूर्या के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सीएम धामी ने किया बॉक्सिंग एशियन चैंपियनशिप रही दीपाली थापा को सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल निवासी मेधावी खिलाड़ी तथा सब जूनियर बॉक्सिंग एशियन चैंपियनशिप रही दीपाली थापा को सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से देहरादून में मुख्यमंत्री आवास में शाल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर विशेष रुप से सम्मानित किया। इस दौरान दीपाली के साथ उनके पिता रणजीत सिंह थापा भी मौजूद रहे।

दीपाली के पिता रणजीत सिंह थापा के मुताबिक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपाली से बॉक्सिंग खेल के बारे में विस्तार से वार्ता की। थापा ने बताया कि सीएम की ओर से दीपाली को हर संभव मददा का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने दीपाली के बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की,उन्होंने कहा कि कम उम्र में दीपाली ने देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन किया है जो अपने आप में गौरव की बात है।

दूसरी ओर अब नैनीताल में पांच नवम्बर (मंगलवार)को बाक्सिंग में सब जूनियर एशियन चैंपियन बनने पर मेधावी खिलाड़ी दीपाली थापा का विभिन्न संगठनों की ओर से भव्य सम्मान किया जाएगा।

दीपाली थापा के पिता रणजीत सिह थापा के मुताबिक सम्मान से पूर्व मंगलवार को अपराह्न दो बजे से तल्लीताल गांधी चौक से एक भव्य रैली भी निकाली जाएगी जो माल रोड होते हुए अंत में मल्लीताल स्थित डीएसए मैदान के बास्केटबाल कोर्ट में जाकर खत्म होगी। उसके बाद वहां पर दीपाली का विभिन्न संगतनों की ओर से सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में नैनीताल के विभिन्न स्कूलों के छात्र- छात्राएं, खिलाड़ी, खेल प्रेमी तथा सामाजिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक आदि लोग शामिल रहेंगे।



## दीपावली की छुट्टियों को बिताने के लिए नैनीताल पहुंचे देशभर से पर्यटक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दीप पर्व दीपावली की छुट्टियों को बिताने के लिए नैनीताल पहुंचे देश के विभिन्न शहरों के पर्यटकों को इन दिनों नैनीताल खूब भा रहा है। रविवार को भले ही दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा बावजूद इसके पर्यटकों ने मौसम की परवाह किए बैगर नगर की जीवनदायिनी नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही नगर तथा आस पास के दर्शनीय स्थलों में सैर सपाटा कर दिन गुजारा।

बता दें नगर में नगर में सुबह से लेकर दोपहर तक धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ था लेकिन दोपहर बाद बादल छाने लगे और शाम होते-होते कोहरे ने और अधिक ठंड बढ़ा दी थी लेकिन मौसम में आए बदलाव के बाद भी नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने दिनभर खूब मौज मस्ती की। पर्यटकों ने नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थल केव गार्डन समेत हिमालयन बाटनिकल गार्डन, नैनीताल-कालाढूंगी रोड स्थित वुडलैंड वाटर फाल के साथ ही स्नोव्यू, किलबरी, पंगूट,स्नोव्यू, हिमालय दर्शन के साथ ही नगर के धार्मिक स्थलों में भ्रमण किया। दीपावली पर्व के चलते नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठान व घर भी बिजली की आकर्षक मालाओं से सजे हुए हैं जिसके चलते नगर रात में पूरी तरह से दुल्हन की तरह सजी नजर आ रही है। पर्यटक नगर के रात्रिकालीन नजारे को भी अपने कैमरे में कैद कर अपने शुभचिंतकों को भेज रहे हैं। कुल मिलाकर यह वीकेंड नगर के पर्यटन कारोबारियों के लिए राहत भरा रहा है, इस बात से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता है।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# अभिमत

## गंभीर खतरे का संकेत

*होटल, रेस्टोरेंट और रेहड़ी, ठेली के जरिए खाद्य पदार्थ बेचने के दौरान धूम्रपान, थूकने, बालों को टच करने और शरीर के अंगों को टच करने, शरीर के अंगों को खुजाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। उत्तराखंड सरकार ने सराहनीय निर्णय लिया है। लव और लैंड जिहाद की तरह एक तरह से जहर देकर मारने का यह गंभीर खतरे वाला जिहाद है। समुदाय विशेष के लोग किस हद तक गिर सकते हैं, इसका हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। घर में खाना बनाने वाली महिला अपने मूत्र से आटा गूंद कर रोटी बनाती थी और मालिक के परिवार को खिलाती थी।*

खाने में थूकने की घटनाओं देश के विभिन्न हिस्सों में होने पर कानून के तहत आरोपियों को सजा मिलेगी। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाना जरूरी हो गया है। उत्तराखंड में खाद्य पदार्थों में थूक और गंदगी मिलाने की घटनाओं पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर एडवायजरी जारी की गई। उत्तराखंड में खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए पहचान पत्र पहनना अनिवार्य कर दिया है। मीट विक्रेताओं के लिए हलाल या झटका का उल्लेख करना जरूरी होगा। खाद्य पदार्थ कारोबारियों को फोटो युक्त पहचान पत्र पहनना होगा। दुकान का लाइसेंस भी प्रदर्शित करना होगा। होटल, रेस्टोरेंट और रेहड़ी, ठेली के जरिए खाद्य पदार्थ बेचने के दौरान धूम्रपान, थूकने, बालों को टच करने और शरीर के अंगों को टच करने, शरीर के अंगों को खुजाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। उत्तराखंड सरकार ने सराहनीय निर्णय लिया है। लव और लैंड जिहाद की तरह एक तरह से जहर देकर मारने का यह गंभीर खतरे का जिहाद है। समुदाय विशेष के लोग किस हद तक गिर सकते हैं, इसका हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। घर में खाना बनाने वाली महिला अपने मूत्र से आटा गूंद कर रोटी बनाती थी और मालिक के परिवार को खिलाती थी। परिवार के सदस्य बीमार पड़े तो उन्हें संदेह हुआ। मोबाइल फोन छिपाकर वीडियो बनाया गया तो नौकरानी की हरकत का खुलासा हुआ। इस घटना के बाद बेकरी में काम करने वालों पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता है। बिस्किट, डबल रोटी, रस आदि लोकल स्तर पर बेकरी में बनते हैं। पूजा के काम में आने वाले मीठे बताशे भी स्थानीय स्तर पर लघु उद्योगों में बनाये जाते हैं। इस तरह के लघु उद्योगों में काम करने वाले ज्यादातर कारीगर समुदाय विशेष के हैं। सब्जी और फल के विक्रेता नफरत की भावना से जहरीला पदार्थ सब्जी और फल पर छिड़क कर जानलेवा बना सकते हैं। जिस तरह से खाद्य पदार्थ कारोबारियों के लिए पहचान पत्र और लाइसेंस अनिवार्य किया गया है, उसी तरह फल-सब्जी और अन्य खाद्य पदार्थों को बेचने वालों के लिए एडवायजरी जारी की जानी चाहिए। खाद्य पदार्थ पर निर्माता और कारीगर का उल्लेख भी किया जाना चाहिए। शासन और प्रशासन स्तर पर सख्ती से कुछ हद तक जहर जिहाद पर नियंत्रण लगेगा। समुदाय विशेष के लोग बेरोजगार होंगे और उन्हें गुनाह की सजा स्वतः मिलेगी। इस समस्या का समाधान समुदाय विशेष के धर्म गुरु कर सकते हैं। धर्म गुरु अपील करें और बतायें कि उनके धर्म में भी किसी को दूषित खाद्य पदार्थ देना पाप है। धर्म के प्रति कट्टर लोगों को जब धर्म गुरु पाप करने से बचने के लिए कहेंगे तो घटनाएं रुकेंगी।

# 24वां शरदोत्सव मेला हल्द्वानी हुआ शुभारंभ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**




विकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पारंपरिक चार दिवसीय 24वां शरदोत्सव मेला हल्द्वानी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उत्तरांचली व फिल्म स्टार नाइट का आयोजन का शुभारंभ डॉ अनिल कपूर डब्बू राज्य मंत्री दिनेश आर्य राज मंत्री प्रताप सिंह बिष्ट जिला अध्यक्ष नैनीताल भाजपा सुप्रीम कोर्ट दिल्ली भारत सरकार के एडवोकेट जनरल मनोज गोरकेला ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया।

कुमाऊं सांस्कृतिक समिति खुरपताल नैनीताल के विनोद कुमार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उत्तरांचल की प्रसिद्ध नृत्यांगना हर्षित को होली द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया बॉलीवुड सिंगर सुनीता कपूर एवं तार किशोर द्वारा मिमिक्री के साथ आकर्षक की प्रस्तुत किए गए लोग गायिका हंस देवी कृष्ण कुमार जगदीश उपाध्याय द्वारा उत्तरांचल लोकगीत प्रस्तुत किए गए दिया मेहता रेनू मेहता, अंजलि धामी, हर्षिता रावत, आदि कलाकारों द्वारा आकर्षक परिस्थितियों दी गई।

समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं फिल्म निर्माता निर्देशक विक्की योगी ने कहा कि 6 नवंबर तक चार दिवसीय शरदोत्सव मेला हल्द्वानी सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेंगे योगी ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को जीवन्त रूप देने संस्कृति पर्यटन फिल्म का प्रचार प्रसार करने वह स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्यों को लेकर मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा विगत 23 वर्षों से आयोजित किया जाता आ रहा है जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन के सहयोग से सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के उत्पादन की प्रदर्शनी भी लगाई गई है बॉलीवुड के चिर परिचित कलाकार शरदोत्सव मेला कार्यक्रम में शिरकत करेंगे कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतो के कलाकारों द्वारा अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे समिति में संरक्षक जोगिंदर पाल सिंह रौतेला , कार्यकारी अध्यक्ष हिरदेश कुमार , प्रभारी स्वागत समिति माही महिमा नंदा, संयोजक जीएस रावत कौस्तुभ चंदोला, संयम मल्होत्रा दीपक कुमार, गिरिश चंदोला ,लक्ष्मी फुलारा, सरोज बिष्ट, आशा रावत ,सचिन टमटा कृष्ण कुमार रूम पूर्व प्रधान महेश जोशी आदि पदाधिकारी हैं समिति के पदाधिकारीयो ने जनता से अपील की कि कार्यक्रम में पधार कर कलाकारों का मनोबल जरूर बढ़ाएं।

## बुजुर्ग महिला को टैक्सी वाहन ने टक्कर मारी, दो पक्षों में विवाद

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में राह चलती बुजुर्ग महिला को टैक्सी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे महिला छिटक कर दूर जा गिरी। महिला के स्वजनों ने इसका विरोध जताया तो वाहन चालक अभद्रता करने लगा, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ। पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की तब जाकर कहीं मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक पिथौरागढ़ निवासी प्रदीप रावल अपनी माता व पत्नी के साथ घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। रविवार को वह तल्लीताल क्षेत्र में पैदल आवाजाही कर रहे थे कि मल्लीताल की ओर जाते हुए टैक्सी वाहन उनकी मां को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह झटका खाकर दूर जा गिरी। वाहन चालक को देख कर वाहन चलाने को कहा तो वह बाहर उतर कर अभद्रता करने लगा। काफी देर तक दोनों पक्ष बीच सड़क हंगामा करते रहे, जिसके बाद दोनों पक्ष तल्लीताल गांधी चौक स्थित पुलिस चौकी पहुंच गए। पुलिस ने हिसार हरियाणा निवासी ईश्वर सिंह के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की तब जाकर मामला शांत हुआ।

# अभिनेता हर्षवर्धन राणे सपरिवार नैनीताल पहुंचे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उभरते अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने कहा कि भारतीय संस्कृति व परंपराओं में देवभूमि उत्तराखंड का विशेष स्थान है जिसे अनुभव करने के लिए वह सपरिवार नैनीताल पहुंचे हुए हैं। यहां पहुंचने पर उन्होंने मडुए की रोटी के साथ कुमाउनी व्यंजनों का स्वाद चखा।

बता दें कि अभिनेता हर्षवर्धन राणे हिंदी व तेलगु फि ल्मों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने फिल्म सनम तेरी कसम से बॉलीवुड में कदम रखा और अभी तक हसीन दिलरुबा समेत एक गैंगस्टर तथा तैश व पलटन में शानदार अभिनय कर चुके हैं। इस साल उनकी फि ल्म दंगे बॉक्स ऑफिस में कामयाब हो चुकी हैं। नगर के नैनी रीट्रीट होटल में बातचीत में उन्होंने कहा कि वह देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं जिसकी वह नैनीताल से ही शुरुआत कर रहे हैं और ऋषिकेश में यात्रा समाप्त कर मुम्बई लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि नैनीताल की सुंदरता अद्भुत है और फिल्म शूटिंग को लेकर इस हिल स्टेशन पसंदीदा स्थान रहा है और वह चाहेंगे कि भविष्य में इस नगर के साथ रुपहले पर्दे में नजर आएं। उन्होंने कुमाऊंनी व्यंजनों को लेकर कहा कि यहां के व्यंजन न केवल स्वादिष्ट हैं बल्कि सेहत के लिहाज से भी लजीज हैं। बेहतर सेहद के लिए कुमाऊंनी व्यंजन रोजाना लेना चाहिए। वह कुमाऊं में पैदा होने वाली दालें व मडुवा साथ लेकर जाएंगे।

इस मौके पर उनके साथ मौजूद होटल के महाप्रबंधक डी.एस. मेहता बताया कि हर्षवर्धन राणे ने भट्ट की चुरकानी तथा लाई की सब्जी व भात व गहत की दाल के साथ भोजन किया। हर्षवर्धन ने टीवी सीरियल से फि ल्मी जगत का सफ र किया और बॉलीवुड के साथ तेलगु फि ल्मों में भी कामयाबी हासिल की । स्टार डस्ट उन्हें सुपर स्टार टूमारो का अवार्ड नवाज चुकी है जबकि तेलगु फि ल्मों में शानदार अभिनय के लिए कई अवार्ड मिल चुके हैं। उत्तराखंड भ्रमण में उनके साथ अभिनेत्री संजीदा शेख भी पहुंची हुई हैं।

# फिल्मी दुनिया

## भाईदूज पर शिल्पा के बच्चों ने जीता प्रशंसकों का दिल





*भाई दूज के अवसर पर शिल्पा शेट्टी ने बहुत ही प्यारी तस्वीरें साझा की। तस्वीरों में उनके बच्चे भाई दूज मनाते हुए नजर आ रहे हैं। रविवार को देश के विभिन्न हिस्सों में भाई दूज का त्योहार मनाया गया। भाई-बहन को समर्पित इस त्योहार को रक्षाबंधन के त्योहार की तरह ही मनाया जाता है। बॉलीवुड सितारों ने भी इस त्योहार को बड़ी ही उत्सुकता से मनाया। इस त्योहार की झलकियां सितारों ने साझा की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने दोनों बच्चों वियान और समीशा के साथ अपने भाई दूज समारोह की एक प्यारी सी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। शिल्पा की शेयर की गई तस्वीरों में नन्ही समीशा अपने भाई वियान के लिए पारंपरिक भाई दूज की रस्म निभाते नजर आ रहे हैं। शिल्पा के अलावा कंगना रणौत ने भी भाई दूज की स्टोरी अपने इंस्टाग्राम पर साझा की। वह अपने भाइयों के साथ इस त्योहार को मनाते हुए नजर आईं। साथ ही अभिनेत्री ने भाई दूज के महत्व के बारे में भी बताया। वहीं, दिग्गज गायिका आशा भोसले ने रविवार को मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार के साथ भाई दूज मनया। आशा भोसले ने इस अवसर पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन भी किया। आखिरी तस्वीर ने प्रशंसकों का मन मोह लिया। यह तस्वीर खास इसलिए थी क्योंकि इसमें बच्चे एक-दूसरे को गले लगाते नजर आ रहे थे। इन तस्वीरों पर प्रशंसकों ने खूब प्रतिक्रिया दी। एक यूजर ने लिखा, भाई दूज की शुभकामनाएं, वहीं, एक अन्य ने लिखा, बहुत ही प्यारी तस्वीर। एक और यूजर ने लिखा, आपका बेटा आपकी कॉपी है। इस तरह की टिप्पणियों से शिल्पा का कमेंट बॉक्स भर गया।*

### इन सितारों ने भी मनाया भाई दूज

*शिल्पा के अलावा कंगना रणौत ने भी भाई दूज की स्टोरी अपने इंस्टाग्राम पर साझा की। वह अपने भाइयों के साथ इस त्योहार को मनाते हुए नजर आईं। साथ ही अभिनेत्री ने भाई दूज के महत्व के बारे में भी बताया। वहीं, दिग्गज गायिका आशा भोसले ने रविवार को मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार के साथ भाई दूज मनया। आशा भोसले ने इस अवसर पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन भी किया।*

# हथियारों से लैस दबंगों ने युवक को घेर कर हमला किया,गंभीर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

लालपुर निवासी पवन मजूमदार ने पुलिस को बताया कि दो अक्टूबर की रात्रि सवा दस बजे उसका भाई मिथुन अपने किसी परिचित को मिठाई देकर लौट रहा था।

तभी शिमला पिस्तौर व सैजनी गांव के कुछ युवक आते है और भाई की घेराबंदी कर लोहे की राड से हमला कर हाथ पैर तोड़ देते है। आरोप था कि इस दौरान हमलावर बार-बार तमंचे से हवाई फायर कर इलाके में दहशत पैदा कर रहे थे । उक्त दबंगों ने भाई को गोली मारने की धमकी भी दे रहे थे। आरोप था कि हमलावरों ने पहले 15 हजार कीमत का फोन व 30 हजार कीमत की आईवॉच तोड़ दी और फिर जेब में रखे 24 हजार रुपये व गले से सोने की चैन लूट ली। शोर शराबा मचाने पर हमलावर भाग गए। सूचना मिलने पर घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। घायल के भाई ने बगवाड़ा चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बगवाड़ा पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।



**आरोप हमलावरों ने पहले 15 हजार कीमत का फोन,30 हजार कीमत की आईवॉच तोड़ जेब में रखे 24 हजार रुपये व गले से सोने की चैन लूट ली**

News कॉर्नर

## आठ को श्री श्याम महोत्सव का आयोजन

**हल्द्वानी।** श्री श्याम महिला मित्र मंडल एवं श्री श्याम सखी मंडल हल्द्वानी द्वारा आयोजित 16 श्री श्याम महोत्सव का आयोजन आगामी 8 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को सांय 6: 00 बजे से श्री रामलीला मैदान हल्द्वानी के विशाल मैदान में किया जाएगा। जिसमें प्रख्यात भजन गायक श्री केसव मधुकर कोलकाता वालों द्वारा भजन संध्या, एवं उनकी टीम द्वारा आकर्षक नृत्य नाटिका, गजरा ,भव्य श्रृंगार, स्वचालित झांकियां, 56 भोग ,एवं महा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नानी बाई का मायरा भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। सभी हल्द्वानी एवं आसपास की श्री श्याम प्रेमी जनता से अनुरोध है कि वह समय से श्री रामलीला मैदान हल्द्वानी पहुंचकर श्री श्याम महोत्सव में भजन संध्या का आनंद उठाएं ।

## परिवार को नींद की गोलियां खिलाकर पत्नी जेवर व नकदी लेकर फरार

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर खाने में नींद की गोली मिलाकर देने और घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व 40 हजार रुपये चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है। ग्राम बांसखेड़ा निवासी व्यक्ति ने आईटीआई थाना पुलिस में तहरीर सौंपी। बताया कि उसकी शादी ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी एक युवती से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद उसकी पत्नी का व्यवहार बदलने लगा। वह आए दिन उससे किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करने लगी। आरोप लगाया कि जब वह उसे समझाता तो कहती थी कि उसकी शादी उसकी मर्जी के बिना हुई है और वह किसी अन्य युवक से प्यार करती है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया दो बच्चे होने के बावजूद भी उसकी पत्नी का व्यवहार नहीं बदला। बीती 16 अक्टूबर की रात उसकी पत्नी ने खाने में नींद की गोली मिलाकर पूरे परिवार को खिला दी।

# फसल बर्बाद, दो साल से नहीं आया पानी, एनएच ने तोड़ी सिचाई गूल!

हल्द्वानी /मोटाहल्दू

हमारे संवाददाता

एक और जहां सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए के लिए बड़े-बड़े दावे कर रही है वहीं नैनीताल जनपद के हल्द्वानी ब्लॉक में मोटाहल्दु क्षेत्र के भवानीपुर हरसिंह गांव में सिंचाई नहर से आने वाला पानी पिछले दो साल से बंद है ग्रामीणों ने क्षेत्रीय अधिकारियों से लेकर मंत्रियों तक समस्या के समाधान के लिए जोर लगा दिया है लेकिन वह जोर आज तक कमजोर ही साबित हो रहा है। ग्राम पंचायत खड़कपुर के भवानीपुर हरसिंह गांव में खेतों की सिंचाई के लिए देवरामपुर हैड के कुलावा नंबर 01 से सिंचाई नहर निकलती है जो कि एनएचएआई द्वारा नेशनल हाइवे संख्या 87/109 रोड चौड़ीकरण बनने से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसमें सिंचाई के लिए पानी आता था, जोकि विगत दो सालों से बंद है जिससे किसानों की फसलें सूख रही हैं जो की एक गंभीर बात है। क्षेत्रीय ग्रामीण सुरेंद्र सिंह जीना का कहना है कि उनके द्वारा इस समस्या के लिए लेकर सिंचाई मंत्री उत्तराखंड सरकार, जिला अधिकारी नैनीताल, उपजिला अधिकारी हल्द्वानी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई-87/109 रुद्रपुर उधम सिंह नगर वह क्षेत्रीय विधायक लालकुआं विधानसभा को भी कई बार अवगत करा दिया गया है लेकिन हालात जस की तस बनी हुई है, ग्रामीण सुरेन्द्र सिंह जीना का कहना है कि हल्द्वानी सिंचाई खंड के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त सभी नहरों तथा सिंचाई गुलो में कुछ प्रभावशाली लोगों ने सिंचाई नहर तथा गुलों में अपने मकान आदि का निर्माण कर नहर और गूल को ढक दिया है इस कारण से पानी का कटाव व पानी बंद हो रहा है इन लोगों से क्षेत्र के कृषक कई वर्षों से परेशान हैं उन्होंने सिंचाई मंत्री से उपरोक्त विषय की जांच कर कार्रवाई तथा नहरों से अतिक्रमण हटाने व नहर व गूल को मूल स्वरूप प्रदान करने को आग्रह क्या है जिससे कि कृषकों को परेशानी का सामना न करना पड़े उन्होंने कहा कि उनकी पिछले दो सालों से सभी फैसले नष्ट हो रही है लेकिन सुधलेवा कोई नहीं है वह अधिकारियों के दर-दर जाते-जाते परेशान हो गए हैं।





प्रतीक फोटो

# नैनीताल में दोपहर बाद धुंध के साथ कोहरे ने दस्तक दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में रविवार को जहां दोपहर बाद धुंध के साथ कोहरे ने दस्तक दी वहीं दोपहर से पहले धूप में बैठना असहीय हो गया। अलबत्ता नगर में सुबह शाम की ठंड बनी हुई है।

बता दें रविवार को सुबह का मौसम देख प्रतीत हो रहा था कि मौसम दिन भर सुहावना बना रहेगा जिसकी चटक धूप गवाही दे रही थी लेकिन दोपहर बाद धुंध के साथ छाए कोहरे ने मौसम का मिजाज ही बदल दिया। शाम होते ही ठंड ने दस्तक दे दी और ठंड महसूस होने लगी। लोग गर्म ऊनी कपड़ों का सहारा लेने के लिए मजबूर हो गए। नगर के पंत पार्क समेत भोटिया बाजार, मॉलरोड व बड़ा बाजार में गर्म ऊनी कपड़ों की दुकानों में पर्यटकों की गर्म कपड़ों की खरीददारी को भीड़ नजर आई। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को नगर का न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि आर्द्रता अधिकतम 68 व न्यूनतम 50 प्रतिशत दर्ज की गई।



दीपावली के चलते इन दिनों रात में जमकर आतिशबाजी हो रही है। रविवार को वायु प्रदूषण की पतली परत वातावरण में पूरे दिन चलती रही जिस कारण आसमान पूरे दिन धुंधला रहा।आतिशबाजी का बढ़ता प्रचलन पर्वतीय क्षेत्रों की आबोहवा में जहर घोलने में तुला हुआ है। शनिवार रात को नगर में हुई आतिशबाजी से सुबह का आसमान धुंधला हुआ नजर आया। वातावरण में छाए प्रदूषण से कई लोग सिर में दर्द की शिकायत करते रहे। राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डा. महिमन सिंह दुगताल ने कहा कि वायु प्रदूषण से सिर दर्द व आंखों में जलन स्वाभाविक है। हृदय रोगियों को अधिक सावधानी बरतनी होगी दूसरी ओर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ वायुमंडलीय विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को भी वातावरण में वायु प्रदूषण की मात्रा सामान्य से दोगुना से भी अधिक है, जिसे पूरी तरह छटने में दो चार दिन का समय लगेगा।

# दबंगों की दबंगई,घर में घुस कर बहनों को पीटा, पुलिस के पास जाने को घर के गेट पर तो फिर पीटा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**आरोप**
- थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दबंगों पर दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट का आरोप

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चार लड़कों ने दोस्तों के साथ घर में घुसकर तीन बहनों और उनके परिजनों के साथ मारपीट की। बाद में अगले दिन रिपोर्ट लिखवाने जा रहीं तो घर के गेट पर फिर से पीट की।

पुलिस ने दबंगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिवनगर निवासी उपासना ने पुलिस को दी तहरीर दी। तहरीर में कहा कि दीपावली 31 अक्तूबर की रात अमरपाल,पवन,विपिन,शेर सिंह ने दोस्तों के साथ घर के दरवाजे पर गाली गलौज करते हुए डंडे मारे। आरोप है कि घर से बाहर नहीं आए तो आरोपी जबरन घर में घुस आए।आरोप है कि उक्त लोगों ने उनके साथ व परिजनों के साथ मारपीट की।



पीड़िता का यह भी आरोप है कि अगले दिन की सुबह वह मामले की रिपोर्ट लिखाने के लिए घर से निकले थे।

इस पर आरोपियों ने गेट पर ही उनके साथ दो बहनों के साथ मारपीट की। पीड़िता के मुताबिक रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# साथी संगठन के सदस्यों ने की साप्ताहिक बैठक



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बुद्ध पार्क में साथी संगठन हल्द्वानी की साप्ताहिक बैठक माननीय साथी संगठन के संरक्षक लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में हुई।

जिसमें साथी संगठन के सदस्यों ने संगठन के द्वितीय वार्षिक सम्मेलन/अधिवेशन एवं उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस स्थान अरुदयोदय धर्मशाला नवाबी रोड में दिनांक 9 नवंबर 2024 को मनाया जाएगा। जिसमें संगठन के सदस्यों ने अपनी राय निम्नानुसार रखी संगठन ने तय किया गया कि संगठन में जिन सदस्य ने अपने अथक प्रयासों से संगठन को आगे बढ़ाने की अटूट कोशिश की है उनको संगठन इस वर्ष सम्मानित करेगा सम्मान पत्र बनाने हेतु डीडी शर्मा प्रिंसिपल साहब एवं संरक्षक लीलाधर पांडे ने बनाने की सहमति जाहिर की एवं इसी क्रम में मुख्य अतिथि एवं नई कार्यकारी के गठन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और माननीय अध्यक्ष लीलाधर पांडे जी ने सदस्यों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कार्यों को समय कम होने शीघ्र संपन्न करके उसकी रिपोर्ट मुझे प्रस्तुत करें ताकि आगे के कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार की जा सके । आज बैठक में लीलाधर पांडे, आर पी सिंह, डी डी शर्मा, आर एस बोरा, लक्ष्मण सिंह गौनिया, आनंद सिंह भाकुनी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट , भीम सिंह, मंगतराम गुप्ता, जगदीश चंद्र खोलिया एवं मोहन सिंह महरा उपस्थित रहे।

## सिडकुल की कंपनियों के श्रमिकों का आमरण अनशन जारी

**रुद्रपुर।** सिडकुल की कंपनियों में श्रम कानूनों का पालन कराने और श्रमिकों का उत्पीड़न बंद करने की मांग को लेकर डाल्फिन मजदूर संगठन के नेतृत्व में चल रहा आमरण अनशन शनिवार को 13वें दिन भी जारी रहा। श्रमिकों ने गांधी पार्क स्थित आंदोलनस्थल पर आमरण अनशन पर बैठे संगठन के अध्यक्ष ललित कुमार, देव कुमार, प्रेमवती, पुष्पा, आकाश कुमार के समर्थन में नारेबाजी की। श्रमिकों ने आंदोलन की उपेक्षा पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि करीब दो महीने से आंदोलन चल रहा है।

# प्रीत विहार कालोनी के लोगों का कोतवाली में प्रदर्शन, तहरीर सौंपी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**आरोप**
- बार-बार भाजपा नेता होने की टशन दिखाते हुए धमकाने का आरोप

फाजलपुर महरौला के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने एक युवक पर दबंगई का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

सोमवार को फाजलपुर महरौला की प्रीत विहार से बड़ी संख्या में लोग कोतवाली में पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए बताया कि प्रीत विहार फेस पांच का रहने वाला एक युवक अक्सर अपने बदमाश प्रवृत्ति के युवकों के साथ चौराहे पर खड़ा हो जाता है। आरोप है कि आने-जाने वाली लड़कियों पर छेड़छाड़ रहता है। जब कोई इसका विरोध करता है,तो लड़के भेजकर मारने की धमकी देता है। लोगों ने पुलिस को बताया कि वह बार-बार भाजपा नेता होने की टशन दिखाते हुए धमकाता रहता है। जिसकी वजह से कॉलोनी का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तो प्रदर्शन किया जाएगा। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने डे अफसर से मिलने को कहा। लोगों ने डे अफसर चंदन बिष्ट से मिले और उन्होंने लिखित तहरीर सौंपी। इस मौके पर वीर सिंह, लेखपाल,मलकीत सिंह, रामकिशोर, विवेक कुमार,वीरेंद्र कुमार, शकुंतला देवी, अनीता देवी, लक्ष्मी देवी, बलजिंदर कौर, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन शातिर अपराधी तमंचों और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

दीपावली वाले दिन रेशमबाड़ी में हुए एक विवाद में कुछ असामाजिक तत्वों ने तमंचे लहराकर भगदड़ मचाने वाले तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों के कब्जे से एक एक तमंचा और कारतूस बरामद किए।

तीनों पर आमजनमानस में भय का माहौल पैदा करने का आरोप है। इस मामले में वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तमंचा लहराकर भय पैदा करने वालों को चिन्हित कर गिरफ्तारी शुरू कर दी। इंस्पेक्टर मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस ने तीनो को रामपुर रोड एक होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के कब्जे से एक एक व कारतूस बरामद किए। चौकी प्रभारी ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही।




बरामदगी-1.एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय जिंदा कारतूस अभियुक्त पंछी से बरामद, 2.एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय जिंदा कारतूस अभियुक्त पंकज से बरामद, 3.एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय जिंदा कारतूस अभियुक्त अनिल से बरामद,

**आरोप**
- बस्ती में हुए विवाद में तमंचा लहराकर समाज में भय व्याप्त करने का आरोप

गिरफ्तार अभियुक्त-1. प्रिंस उर्फ पंछी पुत्र अशोक कुमार उर्फ पप्पू निवासी वार्ड नंबर 13 दूधियानगर थाना रुद्रपुर, 2. पंकज कुमार पुत्र राजपाल निवासी वार्ड नंबर 13 दूधियानगर थाना रुद्रपुर।

3. अनिल कुमार पुत्र लालाराम निवासी वार्ड नंबर 13 दूधियानगर थाना रुद्रपुर। पुलिस टीम में एसएसआई ललित रावल, चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, अमित जोशी, जगदीश पाठक, महेंद्र कुमार, ध्यान सिंह आदि शामिल रहे।